ब्रीफ न्यूज

एचडीएफसी बैंक ने साइबर सुरक्षा को लेकर लोगों को किया जागरूक

इंदौर। एचडीएफसी बैंक ने साइबर धोखाधड़ी को रोकने और ग्राहकों को जागरूक करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, साइबर फ्रॉड सुरक्षाद्य नामक एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता पहल के अंतर्गत 8,800 से अधिक कार्यशालाएं आयोजित कीं गई। ये कार्यशालाएं जुलाई से अक्टूबर के बीच आयोजित की गई, जिनके माध्यम से बैंक ने देशभर के 1.8 लाख से अधिक नागरिकों तक पहुंच की है। इस अभियान का उद्देश्य ग्राहकों और आम जनता को साइबर धोखाधड़ी के नए तरीकों के बारे में शिक्षित करना, सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देना और एक सुरक्षित डिजिटल इकोसिस्टम बनाने में योगदान देना था। एचडीएफसी बैंक के सीनियर एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, मनीष अग्रवाल ने कहा, साइबर अपराध एक गंभीर खतरा है। अक्सर जागरूकता की कमी के कारण लोग साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। इसलिए, नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी है।

तनिष्क ने पेश किया अध्यंतरा कलेक्शन

इंदौर। टाटा परिवार का एक सदस्य और भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड तनिष्क ने धनतेरस के शुभ अवसर के लिए अपना नया कलेक्शन अध्यंतरा पेश किया है। नए कलेक्शन के लिए बनाए गए विशेष कैम्पेन में मशहूर अभिनेत्री तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। अध्यंतरा असीम ब्रह्मांड की खूबसूरती और उसके रहस्यों से प्रेरित है। तनिष्क का मानना है कि इस दुनिया में हर महिला अपने आप में इतनी असाधारण और खूबसूरत है कि खुद यह ब्रह्मांड भी उसकी आंतरिक शक्ति और सुंदरता से प्रेरित होता है। तनिष्क की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर पेल्की त्सोरिंग ने कहा धनतेरस एक ऐसा पावन अवसर है जब हम समृद्धि, सकारात्मकता और नई शुरुआत का जश्न मनाते हैं। यह तनिष्क के लिए भी बहुत ही खास और मायने रखने वाला त्यौहार है। अध्यंतरा के जरिए, हम ब्रह्मांड के उस असीम जादू और अजूबों को टटोलना चाहते हैं और इसे उस महिला के और करीब लाना चाहते हैं जो हमारे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है।

भारत का पहला एआई ट्यूटर, जो सिर्फ जवाब नहीं देता, बल्कि पढ़ाता भी है

इंदौर। जीत एआई ने भारत का पहला ऐसा एआई ट्यूटर पेश किया है, जो विद्यार्थियों को वास्तव में पढ़ाता है और निजी शिक्षक के साथ पढने जैसा अनुभव प्रदान करता है। विद्यार्थियों के सवाल पूछने का इंतजार करने के बजाय, यह खुद कॉन्सेप्ट्स को समझाता है, वर्चुअल बोर्ड पर लिखता है और महत्वपूर्ण बिंदुओं को चिह्नित करता है। साथ ही, विषय को बेहतर ढंग से समझाने के लिए उपयोगी मल्टीमीडिया सामग्री और इंटरैक्टिव सिमुलेशन का इस्तेमाल करता है। जीत एआई के संस्थापक और एक्स्ट्रामार्क्स एजुकेशन के सीईओ रित्विक कुलश्रेष्ठ ने कहा, सदियों से शिक्षा का सबसे अच्छा तरीका यही रहा है कि एक अच्छा शिक्षक विद्यार्थी के पास बैठकर उसकी कठिनाइयों को समझे और उसकी जरूरत के अनुसार पढ़ाने का तरीका अपनाए। जीत एआई के जरिये हम टेक्नोलॉजी की मदद से इस स्थिति को बदलना चाहते हैं।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने लगातार तीसरे वर्ष हासिल किया ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन

इंदौर। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (एलजीई इंडिया) ने लगातार तीसरे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन हासिल किया है। कार्य-संस्कृति और कर्मचारियों के अनुभव का आकलन करने वाली वैश्विक संस्था ग्रेट प्लेस टू वर्क ने एलजीई इंडिया को यह सर्टिफिकेशन ट्रस्ट इंडेक्स सर्वे के माध्यम से प्राप्त कर्मचारियों के फीडबैक और कार्य-संस्कृति के मूल्यांकन के आधार पर प्रदान किया है। कर्मचारियों के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर किया गया यह मूल्यांकन कार्यस्थल का दैनिक अनुभव किसी भी संगठन की संस्कृति को कैसे आकार देते हैं। एलजीई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, होंग जू जियोन ने कहा, लगातार तीसरे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन हासिल करना एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया की प्रगतिशील एचआर नीतियों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होने के साथ-साथ इसका एक प्रमुख प्रमाण भी है।

पायनियर ने कृषि नवाचार और ग्लोबल लीडरशिप के 100 वर्ष किए पूरे

इंदौर। पायनियर कृषि नवाचार और ग्लोबल लीडरशिप के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। 70 से अधिक देशों में संचालित और दुनिया भर के एक करोड़ से अधिक किसानों के साथ मिलकर काम करने वाला पायनियर, वर्ल्ड-क्लास सीड साइंस को भरोसेमंद, मैदानी एग्रोनोमिक विशेषज्ञता के साथ जोडकर किसानों की उत्पादकता बढ़ाने में निरंतर मदद कर रहा है। भारत में, जहां पायनियर ने 54 से अधिक वर्षों तक किसानों के साथ काम किया है। देश के विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों के अनुकूल हाई-परफॉर्मिंग और जलवायु-अनुकूल हाइब्रिड विकसित करके, पायनियर के एग्रोनोमिस्ट फसल के प्रदर्शन को बेहतर बनाने, मौसम की अनिश्चितताओं से बचाने और कृषि मुनाफे को मजबूत करने के लिए सीधे किसानों के साथ काम करते हैं। वायलर के हेड ऑफ एपीएसी एंड स्ट्रेटेजिक इनिशिएटिव्स, रॉबर्ट कान ने कहा, सौ साल पहले, एक किसान, एक बीज और एक साहसिक विचार ने किसानों और कृषि के लिए जो संभव था उसे बदल दिया। वही भावना आज भी हमारा मार्गदर्शन करती है।

भीम ऐप की पहल, हर 7वें ट्रांजैक्शन पर बच्चों की शिक्षा में मिलेगी मदद

इंदौर। भारत का स्वदेशी पेमेंट ऐप, भीम पेमेंट्स ऐप, जिसे एनपीसीआई भीम ने विकसित किया है, अपने मीठी दिवाली अभियान के तीसरे संस्करण के माध्यम से त्योहारों की खुशियाँ फैला रहा है। 19 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच ऐप पर किसी उपयोगकर्ता द्वारा किए गए हर 7वें लेनदेन पर, भीम पेमेंट्स ऐप उन बच्चों को स्कूल किट उपलब्ध कराने में सहयोग करेगा, जिन्हें पढ़ाई के लिए सहायता की आवश्यकता है। गौरव कोचर, चीफ ऑफ बिज़नेस, एनपीसीआई भीम ने कहा, दिवाली हमें याद दिलाती है कि किसी उत्सव की असली खुशी दूसरों के जीवन में खुशियाँ लाने में निहित है। मीठी दिवाली 2026 के माध्यम से, हम डिजिटल भुगतान जैसी सरल चीज़ को बच्चे की शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्य से जोडकर इस खुशी को और आगे तक पहुँचाना चाहते हैं।

फोर्स मोटर्स ने पुराने वाहनों की जिम्मेदार तरीके से स्क्रैपिंग के लिए नई पहल शुरू की

इंदौर। भारत की फोर्स मोटर्स लिमिटेड ने पुराने और इस्तेमाल के लायक नहीं रहे वाहनों की सही तरीके से स्क्रैपिंग को बढ़ावा देने के लिए नई पहल की घोषणा की है। इसके तहत कंपनी ग्राहकों को अधिकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्रों से जोडने में मदद करेगी। रोस्मर्टा ऑटो रीसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी के जरिए फोर्स मोटर्स दिल्ली-एनसीआर में ग्राहकों के लिए अधिकृत वाहन स्क्रैपिंग तक पहुंच आसान बनाएगी। इस पहल पर प्रबंध निदेशक प्रसन फिरोदिया ने कहा, एक जिम्मेदार वाहन निर्माता के तौर पर हम मानते हैं कि वाहन बनाकर ग्राहक तक पहुंचाने के बाद भी हमारी भूमिका बनी रहती है। वाहन की उम्र पूरी होने पर उसे कैसे हटाया जाता है, यह भी मायने रखता है। इस पहल से हम ग्राहकों के लिए अधिकृत स्क्रैपिंग की सुविधा आसान बनाना चाहते हैं।

फेरंड्स एडल्ट ड्राई पैन्ट्स ने यूरिन लीकेज की समस्या पर अभियान लॉन्च किया

इंदौर। नोबेल हाइजीन लिमिटेड के एडल्ट डायपर ब्रांड- फेरंड्स ने एक नया टेलीविजन विज्ञापन लॉन्च किया है। यह विज्ञापन मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं में पेशाब पर नियंत्रण न रहने (यूरिन लीकेज) की समस्या को देखने के नजरिए में बदलाव लाने का प्रयास करता है। यह अभियान केवल इस समस्या से जुड़े सामाजिक संकोच को दूर करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ एक और बड़ी चुनौती पर ध्यान केंद्रित करता है पहली बार एडल्ट डायपर इस्तेमाल करने को लेकर होने वाली झिझक। भारत में 45 वर्ष से अधिक उम्र की हर तीन में से एक महिला लंबे समय से पेशाब पर नियंत्रण न रहने की समस्या से जूझ रही है। अभियान पर कार्तिक कमल जोहरी, चीफ मार्केटिंग एंड ग्रोथ ऑफिसर, नोबेल हाइजीन लिमिटेड ने कहा, द्वभारत में लंबे समय से पेशाब पर नियंत्रण न रहने की समस्या से जूझने वाले लोगों में लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं हैं।

नोटिस कम करने के लिए नई व्यवस्था 1 अप्रैल 2027 से की जाएगी लागू

1 नवंबर से जीएसटी रिटर्न फॉर्म में संशोधनों पर कारोबारियों से सुझाव मांगेगी सरकार

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

देश की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुगम और करदाता-अनुकूल बनाने की दिशा में केंद्र सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के जीएसटी पॉलिसी विंग के कमिश्नर गौरव सिंह ने जानकारी दी है कि वित्त मंत्रालय 1 नवंबर से मासिक जीएसटी रिटर्न फॉर्म में प्रस्तावित संशोधनों पर कारोबारियों और उद्योग जगत से सुझाव आमंत्रित करेगा।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य कर देनदारियों और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) में होने वाले मिसमैच को कम करना और करदाताओं को गैरजरूरी टैक्स नोटिसों से राहत दिलाना है। सीबीआईसी के सीनियर अधिकारी गौरव सिंह के अनुसार, संशोधित जीएसटी रिटर्न फॉर्म को 1 नवंबर को सरकार के मायगॉव पोर्टल पर सार्वजनिक परामर्श के लिए अपलोड किया जाएगा। देश भर के व्यवसायी, उद्योग संगठन और टैक्स पेशेवर 1 नवंबर से लेकर 30 नवंबर तक इस पर अपने सुझाव व टिप्पणियां दर्ज करा सकेंगे। इसके साथ ही, 8 अक्टूबर को आयोजित जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों से जुड़ी अधिसूचनाओं और परिपत्रों की विधि विभाग की ओर से जांच पूरी कर ली गई है और उन्हें शुक्रवार को सार्वजनिक पटल पर जारी कर दिया जाएगा। 57वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी रिटर्न में देनदारियों और इनपुट टैक्स क्रेडिट में संशोधन के लिए एक वैकल्पिक तंत्र को हरी झंडी दी गई थी। इस व्यवस्था का मुख्य लक्ष्य रिटर्न दाखिल करते समय विवरण में होने वाले बेमेल को कम करना और कर अधिकारियों द्वारा जारी की जाने वाली सूचनाओं व नोटिसों की संख्या में भारी कटौती करना है।



करदाताओं को स्क्रूटनी नोटिस से मिलेगी मुक्ति

जीएसटी प्रणाली की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) है। गौरव सिंह ने स्पष्ट किया कि एक बार जब आईटीसी श्रृंखला की सत्यनिष्ठा और अखंडता से जुड़े मुद्दे सुलझ जाएंगे, तो इससे माल और सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में और अधिक संरचनात्मक सुधारों को गति मिलेगी। फॉर्म जीएसटीआर-1/1ए/आईएफएफ के डेटा का जीएसटीआर-3बी के साथ सटीक मिलान होने से फर्जी आईटीसी दावों पर प्रभावी रोक लगेगी और ईमानदार करदाताओं को बार-बार मिलने वाले स्क्रूटनी नोटिस से मुक्ति मिलेगी। मौजूदा व्यवस्था में एक से अधिक राज्यों में काम करने वाली कंपनियों को प्रत्येक राज्य के जीएसटी अधिकारियों द्वारा अलग-अलग और कई बार ऑडिट की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

नीति निर्धारण में उद्योग जगत को प्राथमिकता

सार्वजनिक परामर्श की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, संशोधित जीएसटी रिटर्न फॉर्म 1 अप्रैल, 2027 से लागू किए जाएंगे। यह समयसीमा कारोबारियों और आईटी सॉफ्टवेयर डेवलपर्स को नए रिपोर्टिंग सिस्टम के अनुसार अपनी लेखा प्रणाली में आवश्यक तकनीकी बदलाव करने का पर्याप्त अवसर प्रदान करेगी। 1 नवंबर से शुरू हो रहा सार्वजनिक परामर्श यह दर्शाता है कि सरकार नीति निर्धारण में उद्योग जगत की भागीदारी को प्राथमिकता दे रही है। रिटर्न फॉर्म में स्वचालित मिलान और ऑडिट प्रक्रिया के सरलीकरण से न केवल ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि देश में कर अनुपालन का ढांचा भी अधिक मजबूत होगा।

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शुद्ध लाभ 1,364 करोड़ रहा

नई दिल्ली, आरएनएन। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक होकर 1,364 करोड़ रुपये हो गया। अदाणी समूह की इस कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 557 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसकी कुल आय 51 प्रतिशत बढ़कर 10,239 करोड़ रुपये रही। इस दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व भी 51 प्रतिशत बढ़कर 7,167 करोड़ रुपये हो गया। एईएसएल की वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कुल आय 6,767 करोड़ रुपये और परिचालन राजस्व 4,740 करोड़ रुपये था।

वितरण कारोबार में मुंबई क्षेत्र में बिजली की कुल बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 293 करोड़ यूनिट रही। वहीं, मुंद्रा स्थित एमपीएसईजेड इकाई की बिजली बिक्री मजबूत औद्योगिक और वाणिज्यिक मांग के चलते 26 प्रतिशत बढ़कर 46 करोड़ यूनिट हो गई।

धनतेरस और दिवाली से पहले सोना 1000 रुपये हुआ सस्ता

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार, 22 अक्टूबर को गिरावट आई। दिल्ली में सोना 1,000 रुपये सस्ता होकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं, चांदी की कीमत 5,900 रुपये टूट गई। इसके साथ ही चांदी 10 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई।

ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के मुताबिक, 24 कैरेट वाला सोना बुधवार को 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। गुरुवार को इसकी कीमत गिरकर 1.48 लाख रुपये रह गई।दिल्ली में चांदी भी एक ही दिन में 5,900 रुपये सस्ती हो गई। इसका भाव 2,13,400 रुपये प्रति किलोग्राम से गिरकर 2,07,500 रुपये पर आ गया। इससे पहले 18 दिसंबर 2025 को चांदी इसी के आसपास 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है। लेकिन इस बार बढ़ते कच्चे तेल और महंगाई की चिंता ने इसकी कीमतों पर दबाव बढ़ा दिया है।



धनतेरस पर सिक्का खरीदने वाले ग्राहकों को मिलेगी राहत

कीमतों में गिरावट से धनतेरस और दिवाली पर गहने या सिक्के खरीदने वालों को राहत मिल सकती है। हालांकि, यह जरूरी नहीं कि भाव यहीं रुक जाएं। कीमतें आगे और गिर भी सकती हैं या फिर बढ़ सकती हैं। बाजार के जानकारों के मुताबिक त्योहारों में सोने की मांग को इसकी सांस्कृतिक अहमियत और बचत के विकल्प के तौर पर इसकी भूमिका से सहारा मिलता है।

सेंसेक्स 460 अंक लुढ़का, निफ्टी भी गिरकर 22700 के नीचे आया

● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क

भारतीय शेयर मार्केट में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण देखने को मिली. ब्रेंट क्रूड ऑयल 112 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया था। सेंसेक्स 460 अंक और निफ्टी 124 अंक नीचे गिरकर बंद हुआ। 22 अक्टूबर को सेंसेक्स की वीकली एक्सपायरी के दिन सेंसेक्स 460.30 प्वाइंट्स यानी 0.62 प्रतिशत की फिसलन के साथ 73,249.39 और निफ्टी 50 भी 123.70 प्वाइंट्स यानी 0.54 प्रतिशत की गिरावट के 22,687.65 साथ पर बंद हुआ है। गुरुवार को सेंसेक्स ने 73,343 पर ओपनिंग दी और दिन के आखिर तक ये 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,249 के लेवल पर बंद हुआ। निफ्टी गिरावट के साथ 22,687 के लेवल पर बंद हुआ।

स्विगी का दूसरी तिमाही में शुद्ध घाटा 922 करोड़ रहा

नई दिल्ली, आरएनएन। क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा घटकर 922 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में स्विगी को 1,092 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 7,571 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 5,561 करोड़ रुपये थी। स्विगी का कुल खर्च भी बढ़कर 8,703 करोड़ रुपये हो गया।

पश्चिम रेलवे
भावनगर मण्डल

समानांतर फिडर वायर के प्रावधान एवं इंटरलॉकिंग के उन्नयन के संबंध में TRD कार्य

निविदा सं. 21-TRDBVP-2026-27

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक (TRD) पश्चिम रेलवे, भावनगर परा निम्नानुसार कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** (1) वांसजालीया (SP) - पोरबंदर (SSP) अनुभाग - समानांतर फीडर वायर के प्रावधान एवं (2) वांसजालीया जं. अंतर्गत EI और MSDAC का प्रावधान करने सहित इंटरलॉकिंग का थोरण I से थोरण II (R) तक उन्नयन करने के संबंध में TRD कार्य। **निविदा राशि:** ₹ 13,15,15,880.77/- **निविदा शुल्क :** शून्य, **ईएमडी राशि:** ₹ 26,30,300/- **पता:**- मरेप (कर्षण), बीवीपी, मरेप कार्यालय, भावनगर परा-364003। बिडर्स को केवल लिंक अर्थात् www.ireps.gov.in के द्वारा ऑन लाईन आवेदन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें। उपरोक्त निर्दिष्ट निविदाओं के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि **16/11/2026** को 15:00 बजे तक है। BVP-156

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

HOUSING FINANCE BAJAJ

बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय: सेरेब्रम आईटी पार्क बी2 बिल्डिंग, पाँचवां तल, कल्याणी नगर, पुणे, महाराष्ट्र-411014
शाखा कार्यालय: बजाज हाऊसिंग फायनेंस लि., छठवां तल, यूनिट-605 और 606, ऐयरेन हाईट्स, प्लॉट नं. 13, पीयू-3, विजय नगर, इंदौर -462010 **अधिकृत अधिकारी का विवरण:** नाम **अजय मित्तल** / **ईमेल आईडी:** ajay.mittal@bajajhousing.co.in/ मोबाइल नंबर: **+91 9855733149 एवं +91 9782217044**

परिशिष्ट IV-A [नियम 8(6)] अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

सिक्यूरीटाइज़ेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्शियल इस्सेट्स् एवं इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना, नियम के प्रावधान सहित सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 की धारा 8(6) के अंतर्गत।

आम जनता और विशेष रूप से ऋणी(ओं) और गारंटीकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका भौतिक कब्जा बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सुरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को देय ऋ ण बकाया, लागू ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए 'जहां है जैसी है', 'जो कुछ भी है' और 'बिना किसी सहारे के आधार' पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे विस्तार से बताया गया है।

ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर का विवरण और ऋण विवरण	चल संपत्तियों का विवरण	ई-नीलामी का विवरण
ऋण खाता संख्या:- H425HHL0445786 और H425HLT0448819 **1. विजय पुरोहित (ऋणकर्ता)** **पता:** फ्लैट नंबर 402, चतुर्थ तल, 'श्री विनायक टॉवर ब्लॉक-बी' प्लॉट नंबर एम.ए.-1, सैटेलाइट, जंक्शन विलेज केलोढाला, तहसील एवं जिला - 452001 **2. नेहा शर्मा (सह-ऋणकर्ता)** **दोनों का पता:** बी-402 श्री विनायक टॉवर, देवास नाका, लसूड़िया मोरी, सैटेलाइट जंक्शन विलेज केलोढाला, इंदौर, मध्य प्रदेश - 452010 **बकाया राशि: रु. 29,21,023/-** (रुपये उनतीस लाख इक्कीस हजार तेईस मात्र) 16/10/2026 की स्थिति के अनुसार, साथ ही 16/10/2026 से आगे का देय ब्याज और शुल्क, जो उपर्युक्त ऋण सुविधा के संबंध में देय है।	**फ्लैट नंबर 402, चतुर्थ तल, 'श्री विनायक टॉवर' ब्लॉक-बी, प्लॉट नंबर एम.ए.-1, सैटेलाइट, जंक्शन विलेज केलोढाला, तहसील एवं जिला - 452001 स्थित वह संपूर्ण भूखंड एवं हिस्सा, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 763 वर्ग फीट है और** जिसकी सीमाएं निम्नलिखित हैं: **पूर्व:** फ्लैट नंबर 401 **उत्तर:** फ्लैट नंबर 403 **पश्चिम:** ब्लॉक ए के बाद इमारत का खुला क्षेत्र **दक्षिण:** इमारत का खुला क्षेत्र	**ई-नीलामी तिथि: 11/11/2026**, सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे के बीच, 5 मिनट की असीमित अवधि के साथ। **केआईसी के साथ बयाना राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि: 10/11/2026**, शाम 5:00 बजे तक (भारतीय मानक समय) है। **निरीक्षण तिथि: 23/10/2026 से 10/11/2026**, सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक (भारतीय मानक समय)। **आरक्षित मूल्य:** अचल संपत्ति के लिए **रु. 23,50,000/- (रुपये तेईस लाख पचास हजार मात्र)** **बयाना राशि: रु. 2,35,000/- (रुपये दो लाख पैंतीस हजार मात्र)** आरक्षित मूल्य का 10% होगी। **बोली वृद्धि - रु. 25,000/- (रुपये पच्चीस हजार रुपये मात्र) और इसके गुणकों में।**

सार्वजनिक नीलामी के नियम और शर्तें इस प्रकार हैं:
1. सुरक्षित संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी। 2. नीलामी ई-नीलामी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगी।
3. ई-नीलामी **https://bankauctions.in** पोर्टल के माध्यम से **11/11/2026 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक** 5 मिनट के असीमित स्वत: विस्तार के साथ होगी।
4. विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया कंपनी की वेबसाइट **URL https://www.bajajhousingfinance.in/auction-notices** देखें या किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

दिनांक: 19.10.2026, स्थान: केलोढाला (इंदौर) हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, (राहुल सिंह) बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग-डॉ. अम्बेडकर नगर महू, जिला इन्दौर म.प्र.

पता: प्रशासनिक संकुल, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) ई-मेल: sdmmhowmp@gmail.com

क्रमांक/01/तैडर/2026 डॉ. अम्बेडकर नगर महू, दिनांक 24/10/2026
प्रकरण क्रमांक 0001/अ-20(7)/2026-27

।। विज्ञप्ति ।।

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश दशोरा पिता हरिशंकर दशोरा के द्वारा आवेदक क्रं. 0623020208145-एपीपी-2826 8744 दिनांक 01/05/26 ग्राम दतोदा तहसील डॉ. अम्बेडकर नगर महू स्थित शासकीय नाला सर्वे न. 509 पैकी रकबा 108 वर्गमीटर भूमि पर पुलिया निर्माण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में मेरे न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 29/10/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से संबंधित प्रकरण में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 22/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
डॉ. अम्बेडकर नगर महू

पश्चिम रेलवे
राजकोट मण्डल

फुल्ली ओटोमेटीक कोच के विभिन्न कार्य वॉशिंग प्लांट एवं संबंधित विभिन्न प्लांट्स

निविदा संख्या : M-2026-14R2-ACWP-RJT दिनांक : 21/10/2026

(i) कार्य का नाम : C&W डिपो राजकोट अंतर्गत फाउंडेशन तथा संबंधित सिविल, विद्युत कार्य सहित वॉटर सॉफ्टनींग प्लांट, रिवर्स ओस्मोसिस (RO) प्लांट और एफ्ल्युएंट ट्रिटमेंट प्लांट (ETP) सह वॉटर रिसायकलिंग प्लांट एवं DG सेट सहित टर्न की आधार पर 7 वर्ष के लिए संचालन और वॉरंटी के 2 वर्ष के बाद 5 वर्ष के CAMC सहित फुल्ली ऑटोमेटीक कोच वॉशिंग प्लांट की डिज़ाईन उत्पादन, आपूर्ति, संस्थापन, परिक्षण, कमिशनींग करना का एवं सिद्ध करने का कार्य। **(ii) अनुमानित लागत:** ₹ 3,63,29,861.66/- **(iii) बयाना राशी:** ₹ 7,26,600/- **(iv) निविदा जमा कराने की तारीख एवं समय:** दिनांक : 12/11/2026 को 15:00 बजे तक और दिनांक : 12/11/2026 को 15:30 बजे निविदा खोली जायेगी । **(v) कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदे जा सकते है एवं नोटीस बोर्ड का स्थान:** मण्डल रेल प्रबंधक (यांत्रीक), पश्चिम रेलवे, राजकोट मण्डल, कोठी कम्पाउन्ड, राजकोट-360001 **वेबसाईट विवरण:** www.ireps.gov.in

RJT-172

हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly

HINDUJA HOUSING FINANCE

हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
क्षेत्रीय कार्यालय- कार्यालय संख्या 153, ऑर्बिट मॉल, पहली मंजिल, विजय नगर चौक, ए.बी. रोड, इंदौर, म. प्र.-452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

निजी समझौते के माध्यम से बिक्री की सूचना
SARFAESI अधिनियम, 2002 के तहत HHFL को गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों की बिक्री
नियम 8(8) और 9(1) के परंतुक के साथ पढ़ा जाए

अधोहस्ताक्षरी, एचएचएफएल के अधिकृत अधिकारी के रूप में, एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 14(1) के तहत अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। आम जनता को सूचित किया जाता है कि अनुसूची में वर्णित आरक्षित संपत्ति निजी संधि/सार्वजनिक ई-नीलामी के माध्यम से एचएचएफएल द्वारा स्वीकार्य शर्तों पर, "जैसा है जहां है", "जैसा है वैसा ही" और "जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर, अपने बकाया की वसूली के लिए बिक्री हेतु उपलब्ध है।

MP/IDR/INDR/A000000347 श्री मो मुस्तकीम श्रीमती परवीन	बकाया राशि -	Rs. 8,03,042/-	ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि - 10-11-2026 शाम 5 बजे तक
	आरक्षित मूल्य -	Rs. 8,50,000/-	ई-नीलामी की तिथि/समय - 11-11-2026 सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक
	ईएमडी -	Rs. 85,000/-	बोली वृद्धि राशि: ₹10000/-
	कब्ज़ा की तारीख -	28-10-2025	

फ्लैट नं. पी-1, पेड़ फर्श, " बी.टी.सी. एवेन्यू" प्लॉट नंबर 38, टाइप-16, श्री कृष्णा एवेन्यू फेज-1 गांव लिंबोदी तहसील और जिला में स्थित है। इंदौर, कुल माप क्षेत्रफल 528 वर्ग फुट. सीमाएँ - पूर्व: प्लॉट नं. 41, पश्चिम: खुली छत, उत्तर: प्लॉट नं. 39, दक्षिण: फ्लैट नं. पी 2

मानक नियम एवं शर्तें: 1. बिक्री पूरी तरह से "जैसा है, जहाँ है", "जैसा है, जो है" और "जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर की जाएगी। 2. क्रेता को आवेदन और केवाईसी दस्तावेजों के साथ प्रस्तावित राशि का 10% जमा करना होगा। स्वीकृति मिलने पर आवश्यक 25% जमा राशि में इसे समायोजित किया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। 3. एचएचएफएल द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति मिलने पर, क्रेता को अगले कार्य दिवस तक बिक्री मूल्य का 25% (प्रारंभिक 10% सहित) जमा करना होगा।4. बिक्री की पुष्टि होने के 15 दिनों के भीतर बिक्री मूल्य का शेष 75% भुगतान करना होगा। 5. निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान न करने पर जमा की गई सभी राशि, जिसमें प्रारंभिक 10% भी शामिल है, स्वत: जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को बिना किसी पूर्व सूचना के दोबारा बेचा जा सकता है। 6. यदि HHFL प्रस्ताव स्वीकार नहीं करता है, तो प्रारंभिक 10% जमा राशि बिना